Jharkhand Civil Judge (Mains) 2015 (Backlog)

Paper IV: English and Hindi · compulsory paper

Full Marks: 100 · Time: 3 Hours. The paper has two Parts, one English and the other Hindi. All questions are compulsory. Marks are indicated against each question.

Part I: English

1. Write an essay on any one of the following topics: 15 Marks

a) India's Space Programme.

b) Scope for Judicial Reforms in India.

c) Media and the Judiciary.

d) Swachh Bharat Mission.

2. Write a précis with an appropriate title, of the following passage: 10 Marks

Industrialization of a new sort is gripping the western world gradually but inexorably. It is the industrialization of the mind. The best brains throughout the European and the American lands are making a genuine and fruitful endeavour to make imagination a companion to the force of reason, leading to double edged advancement. On the one hand, it is forcing commonplace intelligence to think but only in scientific terms, however, for the more fertile intelligence, it is blending imagination with higher levels of scientific learning. The result is humankind leaping towards a synthesis of artistic capability and logical sense. Architectural marvels and technological wonders today are not merely contraptions cobbled together but memorable works of art. Aesthetic sensibility reigns supreme everywhere, some say, even in weapons of mass destruction. They aim at surgical precision of annihilation, separating the civilian from the military and the enemy from the friend. Still, mistakes are made in instances of what is called friendly fire – firing mistakenly at one's own fellow citizens.

3. Translate the following from Hindi into English: 10 Marks

लेकिन वे यह अच्छी तरह से जानते हैं कि जिन लोगों को ज्यादा से ज्यादा ताकत, ज्यादा से ज्यादा धन, ज्यादा सोना, ज्यादा मुनाफा चाहिए, जो लोग धरती की इज्जत नहीं करते, वे हमारे साथी नहीं हो सकते। वे अलग तरह के लोग हैं; न वे हमारी तरह होना चाहते हैं, न उन्हें हमारी बातों पर विश्वास है। उन्होंने अपनी भूख को इतना बढ़ा लिया है कि धरती की पूरी उपरी सतह, नदियों का मीठा पानी, जंगलों की सारी हरियाली, धरती के भीतर के सारे खनिज कम पड़ रहे हैं। जाहिर है, एक दिन लड़ाई होगी, लेकिन अपने पूर्वजों के ज्ञान जगाने तक, फिर से सब याद करने तक, इस लड़ाई को जहाँ तक हो सके, टालना है। हमारे पूर्वजों ने धरती के ऊर्जा केन्द्रों और वनस्पतियों के ऊर्जा प्रवाह के बीच संबंधों को खोजा था।

4. Read the following passage carefully and answer the questions below by choosing the correct option: 15 Marks

Beginning in the 1990s, a particular kind of suburban expansion began to spread out from Delhi into the surrounding farmland, particularly in the south and west. These are, for the large part, individual developments, usually on substantial plots of land, and while for tax purposes many of the properties are called farms, they are anything but. This area has some of the city's largest and most luxurious homes, and these new constructions on open land have been an opportunity to experiment with new architectural ideas and modern interior design. The original impetus for building on farmland was the tax break on land classified as agricultural, and the first properties were usually second homes. Now, however, the very term 'farm' has status, and a growing number of properties are primary residences.

Each of the houses, in its own way, is an example of spacious, open style of domestic architecture that is relatively new to the country. The 'colony' style of house that evolved during the 1960s followed a Western model in abandoning the courtyard and a conventional arrangement of rooms. These 'farms', on the other hand, make use of the much greater available land area, and they do it both through interior spaces that are large and free flowing, and by creating a more interesting inter-penetration of the house and garden. The space available on these former farmland plots, together with the lack of any necessity to complement and fit in with neighbouring properties, make this area a fertile experimental ground for new architects and designers.

I) The farmhouses that developed around Delhi during the 1990s are

a) Colonial in style

b) Architectural failures

c) Based on the oriental model

d) Unconventional constructions

II) Suburban expansion means

a) New, independent urban settlements

b) Satellite expansion around an urban centre

c) Spaces that are large and free flowing

d) Experimental towns

III) Several luxury houses around Delhi are built on land plots called 'farms'

a) To save tax

b) To impress the neighbours

c) To introduce domestic, compact housing concepts

d) To design a conventional arrangement of rooms

IV) The farmhouses are

a) Illegally owned land

b) Examples of inter-penetration of forest and industry

c) Examples of use of the much greater available land area

d) Waste of interior space

V) 'Individual developments' in the second sentence of the passage implies

a) Built for the development of individual persons

b) Unique

c) Competition between rich individuals

d) Complementary

Part II: Hindi

5. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए: 15 Marks

i) प्रकृति, पर्यावरण और मानव जीवन

ii) भूमंडलीकरण, बाज़ार और सत्ता का अंतर्संबंध

iii) मीडिया का महत्त्व

iv) सामाजिक न्याय की प्रयोजनीयता।

6. निम्नलिखित का संक्षेपण अपने शब्दों में कीजिए। 10 Marks

जिस व्यक्ति से किसी की घनिष्ठता और प्रीति होती है वह उसके जीवन के बहुत से व्यापारों और मनोवृत्तियों का आधार होता है। उसके जीवन का बहुत-सा अंश उसी के संबंध द्वारा व्यक्त होता है। मनुष्य अपने लिए संसार आप बनाता है। संसार तो कहने-सुनने के लिए है, वास्तव में किसी मनुष्य का संसार तो वे ही लोग हैं जिनसे उसका संसर्ग या व्यवहार है। अत: ऐसे लोगों में से किसी का दूर होना उसके संसार के एक प्रधान अंश का कट जाना या जीवन के एक अंग का खंडित हो जाना है। किसी प्रिय या सुहृदय के चिरवियोग या मृत्यु के शोक के साथ करुणा या दया का भाव मिलकर चित्त को बहुत व्याकुल करता है। किसी के मरने पर उसके प्राणी उसके साथ किए हुए अन्याय या कुव्यवहार तथा उसकी इच्छा-पूर्ति करने में अपनी त्रुटियों का स्मरण कर और यह सोचकर कि उसकी आत्मा को संतुष्ट करने की संभावना सब दिन के लिए जाती रही, बहुत अधीर और विकल होते हैं।

7. निम्नलिखित अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 10 Marks

In any Government, the judiciary is the body concerned with upholding the law. It punishes the guilty and settles all types of disputes. In a participatory and pluralistic democracy like ours, the judiciary has a unique and significant role to play. The judiciary has been given the power and the duty to safeguard the basic rights of the citizens of India and uphold the supremacy of the Constitution.

8. निम्नलिखित का भावानुवाद लिखिए: 15 Marks

भावों और विचारों की नदी पर सेतु हमारे मानस में भी झूल रहा है। उस सेतु पर चलकर देखें तो सारे भेद के दरें और खाइयाँ लुग्दी बनकर आकाश की निस्सीम सतह बन जाती हैं। वह सेतु है - एकता का। एकात्म का। एकात्म को केवल आध्यात्मिक क्षेत्र का मापक न मानें। इसका अर्थ बड़ा व्यापक है। पूरा भक्ति काल के संदर्भ में इसे जिस चश्मे से देखा जाता रहा है वह चश्मा ही गलत रहा आया। यदि चश्मा ठीक रहा है तो गलत आँखों पर चढ़ा रहा है। वह एकताभाव केवल आत्मा-परमात्मा के बीच की डोर पर चलता दो सिरों को जोड़ता हुआ ऐक्य की उद्घोषणा मात्र नहीं करता, बल्कि यह व्यक्ति मानस में समाया सुगंध भाव है। अंग-राग-सा व्यक्ति का जीवन-शक्ति में लिपटकर पृथ्वी भाव से जोड़नेवाला ही महीन और शुभ्र भाव है।